# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 10.2.26 | 03 | 1-4 |

• एचएयू में राष्ट्रीय गणित दिवस पर इनसाइट्स, इन्नोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग कार्यक्रम

## गणित केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि आधुनिक विज्ञान व अनुसंधान की आधारशिला : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया।

विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय ''इनसाइट्स, इन्नोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग'' रहा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि आधुनिक विज्ञान और अनुसंधान की आधारशिला है।



गणित दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देते हुए।

### साइबर सुरक्षा या फिनटेक इन सबमें गणित जरूरी

प्रो. काम्बोज ने कहा कि वर्तमान दौर डाटा और डिजिटल टेक्नोलॉजी का है। चाहे वह डाटा साइंस हो, कंप्यूटर विज्ञान, साइबर सुरक्षा हो या फिर वित्तीय तकनीक (फिनटेक), इन सभी क्षेत्रों में गणित महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चिकित्सा और अंतरिक्ष विज्ञान में भी बिना गणितीय गणनाओं के प्रगति संभव नहीं है।

### कृषि में भी गणित महत्वपूर्ण

संयुक्त राष्ट्र सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय के सलाहकार डॉ. रमेश कुमार जालान ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में भी गणित की अहम भूमिका है।

### पोस्टर मेकिंग में दीप्ति और भाषण में जाग्रती प्रथम रही

- **क्विज (स्कूल स्तर - 11वीं व 12वीं):**
प्रथम: ऋषभ, लक्ष्य और कोमल (ब्लूमिंग डेल्स स्कूल)
द्वितीय: रूद्र, अरिदम और कुश (होली एंजल स्कूल)
तृतीय: विकास, शिवम और रितेश (विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल)
- **क्विज (कॉलेज स्तर):**
प्रथम: हिमांशु, कार्तिक और हर्ष
द्वितीय: प्रिंस सूरा, विवेक और मनीष (कृषि महाविद्यालय)
- **पोस्टर मेकिंग (स्कूल):**
ग्रुप-1: दीप्ति (न्यू लाहोरिया स्कूल) प्रथम।
ग्रुप-2: वंशिका (ब्लूमिंग डेल्स) प्रथम।
- **अन्य प्रतियोगिताएं:**
भाषण: राजकीय महिला महाविद्यालय की जाग्रती प्रथम रहीं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 10.2.26 | 05 | 1-3 |

## डाटा साइंस, साइबर सुरक्षा, वित्तीय तकनीक और चिकित्सा तथा अंतरिक्ष विज्ञान में भी गणित की महत्वपूर्ण भूमिका : प्रो. बलदेव राज काम्बोज




मुख्यातिथि विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

हिसार, 9 फरवरी (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा इनसाइटस, इन्नोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्यातिथि एवं संयुक्त राष्ट्र सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय में सलाहकार डॉ. रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी व मुख्य वक्ता की धर्मपत्नी रश्मि जालान उपस्थित रहीं।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि गणित विज्ञान की आधारशिला है और अनुसंधान तकनीक तथा नवाचार के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कुलपति ने कहा कि नवाचार में गणित की अहम भूमिका है नवाचार तभी संभव है जब समस्या को मॉडल बनाकर समझा जाए, यह कार्य गणित करता है। वर्तमान युग, डाटा और डिजिटल टैक्नोलॉजी का है जिसकी नींव गणित द्वारा रखी गई है। डाटा साइंस, कंप्यूटर विज्ञान, साइबर सुरक्षा, वित्तीय तकनीक और चिकित्सा तथा अंतरिक्ष में भी गणित महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्य वक्ता डॉ. रमेश कुमार जालान ने कहा कि गणित हमें सोचने की कला, तर्क करने की क्षमता और समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान सीखाता है। नवाचार की हर नई खोज के पीछे गणितीय सोच कार्य करती है। डिजिटल युग में गणित का महत्व और बढ़ गया है क्योंकि हर तकनीक, हर डाटा और हर एक निर्णय गणितीय विश्लेषण पर आधारित है। उन्होनें कृषि क्षेत्र में गणित की उपयोगिता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने सभी का स्वागत किया। विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी श्योराण ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मंजू टोंक ने सभी का धन्यवाद किया और छात्रा आध्या ने मंच संचालन किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारीगण, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक और शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 10.2.2026 | 04 | 1-6 |

# गणित है विज्ञान और नवाचार की आधारशिला

## राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में एचएयू में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ऋषभ, हिमांशु और शुभम ने मारी बाजी



एचएयू में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। स्रोत : संस्थान

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** गणित विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार की मजबूत नींव है। इसी सोच को सशक्त करने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ऋषभ, हिमांशु और शुभम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि गणित विज्ञान की आधारशिला है और अनुसंधान तकनीक तथा नवाचार के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी अहम भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से तार्किक सोच और विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता डॉ. रमेश कुमार जालान ने कहा कि गणित हमें सोचने की कला, तर्क करने की क्षमता और समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान सिखाता है। नवाचार की प्रत्येक नई खोज के पीछे गणितीय सोच कार्य करती है। डिजिटल युग में गणित का महत्व और बढ़ गया है, क्योंकि हर तकनीक, हर डाटा और हर निर्णय गणितीय विश्लेषण पर आधारित है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में गणित की उपयोगिता और महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा और गणित एवं सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी श्योराण ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. मंजू टोंक ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि छात्रा आध्या ने मंच संचालन किया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम

- **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ग्रुप-1 (स्कूल) :** कक्षा 11वीं व 12वीं में ब्लूमिंग डेल्स स्कूल के ऋषभ, लक्ष्य गल्होत्रा और कोमल प्रथम रहे। होली एंजल स्कूल के रूद्र, अरिदम और कुश कोहली द्वितीय, जबकि विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विकास, शिवम और रितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता ग्रुप-2 (कॉलेज) :** कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के हिमांशु, कार्तिक वर्मा और हर्ष प्रथम रहे। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के प्रिंस सूरा, विवेक भोंसले और मनीष सहारण द्वितीय तथा सीएम जाट कॉलेज की प्रीति, कोमल और हर्ष तृतीय स्थान पर रहे।
- **भाषण प्रतियोगिता (यूजी) :** गवर्नमेंट कॉलेज फॉर वुमन, हिसार की जाग्रति प्रथम, जीजीआई गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार की विधि द्वितीय और एफसी कॉलेज फॉर वुमन, हिसार की राइनी तृतीय रही।
- **पोस्टर प्रतियोगिता ग्रुप-1 (कक्षा 9वीं व 10वीं) :** न्यू लाहोरिया विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दीप्ति प्रथम, कैंपस स्कूल की रीतिका द्वितीय और होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की गीतिका तृतीय स्थान पर रही।
- **पोस्टर प्रतियोगिता ग्रुप-2 (कक्षा 11वीं व 12वीं) :** ब्लूमिंग डेल्स स्कूल की वंशिका प्रथम, होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मुस्कान द्वितीय और विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल की सिमरन तृतीय रही।
- **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (विश्वविद्यालय स्तर) :** मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के शुभम प्रथम, नेहा यादव द्वितीय तथा बायोइन्फॉर्मेटिक्स के के.वी. गणेश सिद्धू और मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की नीतू संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।
- **सुडोकू प्रतियोगिता :** मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की सुजाता कुमारी प्रथम, कृषि महाविद्यालय की हर्षिता द्वितीय और मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की ममता तृतीय स्थान पर रही।
- **पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता :** कृषि महाविद्यालय की सुहानी प्रथम, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय की पूजा द्वितीय तथा उदय प्रताप सिंह और ऐनी तृतीय स्थान पर रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 10.2.26 | 04 | 6-8 |

## विज्ञान की आधारशिला है गणित : प्रो. कंबोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के आडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा इनसाइटस, इन्नोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.. बलदेव राज कंबोज मुख्य अतिथि एवं संयुक्त राष्ट्र सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय में सलाहकार डा. रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष



कार्यक्रम में सम्बोधित करतें मुख्यातिथि।

कुमारी व मुख्य वक्ता की धर्मपत्नी रश्मि जालान उपस्थित रहीं। कुलपति प्रो. कंबोज ने कहा कि गणित विज्ञान की आधारशिला है और अनुसंधान तकनीक तथा नवाचार के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 10.2.26 | 01 | 1-3 |




*विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यतिथि।*

# हकृवि में गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 9 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा इनसाइटस, इनोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि एवं संयुक्त राष्ट्र सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय में सलाहकार डॉ. रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी व मुख्य वक्ता की पत्नी रश्मि जालान उपस्थित रहीं।

कुलपति प्रो. का बोज ने अपने संबोधन में कहा कि गणित विज्ञान की आधारशिला है और अनुसंधान तकनीक तथा नवाचार के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को तार्किक सोच एवं विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करने पर बल दिया।

मुख्य वक्ता डॉ. रमेश कुमार जालान ने कहा कि गणित हमें सोचने की कला, तर्क करने की क्षमता और समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान सीखाता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में गणित की उपयोगिता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 10-2-26 | 13 | 7-8 |



## गणित विज्ञान की आधारशिला : प्रो. काम्बोज

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा इनसाइटस, इन्नोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि एवं संयुक्त राष्ट्र सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय में सलाहकार डॉ. रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी व मुख्य वक्ता की धर्मपत्नी रश्मि जालान उपस्थित रहीं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 10.2.26 | 14 | 1-4 |

**उत्सव** **बास्केटबॉल के ओपन ग्राउंड में होगा कार्यक्रम, विद्यार्थियों में भारी उत्साह**

# हकृवि में अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव आज से, तैयारियां पूरीं

- सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल ग्राउंड में 10 व 11 फरवरी को अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष 'उत्सव' के आयोजन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है। इसको लेकर विद्यार्थियों में उत्साह है। महोत्सव के दौरान संगीत, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, कविता-पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।




हिसार। हकृवि का स्वर्ण जयंती द्वार। फोटो: हरिभूमि

## 8 कॉलेजों के विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा

अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव में हकृवि के आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन महाविद्यालयों में कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल व बावल, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्यूमैनिटीज, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस व कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस शामिल हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 10.2.26 | 07 | 1-2 |


# हकृवि में होने वाले अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव की तैयारियां पूरी

हिसार, 9 फरवरी (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बास्केटबॉल ग्राउंड में 10 व 11 फरवरी को अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो दिवसीय इस युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष 'उत्सव' के आयोजन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है। विद्यार्थियों ने जिम्मेदारी मिलने पर अपने अनुभव सांझा किए।

**मोहित, कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी**

जब हमें आयोजन की जिम्मेदारी मिली, तो यह सिर्फ एक कार्य नहीं बल्कि विश्वास का सम्मान लगा। हर दिन नई चुनौतियां और नई सीख लेकर आता है, जिससे नेतृत्व और प्रबंधन का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। सबसे खास बात यह है कि जूनियर और सीनियर साथियों की एक मजबूत टीम हर कदम पर हमारे साथ खड़ी है।

**जीनत राव, कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस**

यह जिम्मेदारी मेरे लिए भावनात्मक रूप से भी खास है, क्योंकि इसमें पूरे विश्वविद्यालय की ऊर्जा और सपने जुड़े हैं। अलग-अलग कॉलेजों के छात्रों के साथ काम करते हुए एक परिवार जैसा माहौल बन गया है। हमारे साथियों का सहयोग इस आयोजन को सचमुच एक सामूहिक उत्सव बना रहा है।

**अंकित, कॉलेज ऑफ फिशरीज**

इस जिम्मेदारी ने मुझे सिखाया कि बड़े सपने टीमवर्क से ही पूरे होते हैं। हर मीटिंग, हर योजना और हर छोटी सफलता हमें आगे बढ़ने का हौसला देती है। जूनियर और सीनियर साथियों की मेहनत देखकर गर्व महसूस होता है कि हम सब मिलकर कुछ बड़ा कर रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 10.2.2026 | 02 | 01 |

## एचएयू में दो दिवसीय 'उत्सव' आज से शुरू

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 10 व 11 फरवरी को आयोजित होने वाले अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव 'उत्सव' की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय के बास्केटबाल ओपन ग्राउंड में होने वाले दो दिवसीय इस महोत्सव में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

खास बात यह है कि इस वर्ष 'उत्सव' के आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई है, जिससे उनमें खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के छात्र मोहित ने बताया कि आयोजन की जिम्मेदारी मिलना उनके लिए विश्वास और सम्मान दोनों है, जिससे नेतृत्व और प्रबंधन कौशल में वृद्धि हो रही है।

कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस की छात्रा जीनत राव ने कहा कि विभिन्न कॉलेजों के छात्रों के साथ काम करते हुए पारिवारिक माहौल बना है। ब्यूरो

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सत्यजय टाइम्स | 09.02.2026 | -- | -- |

# हकृवि में गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया आयोजित

## डाटा साइंस, साइबर सुरक्षा, वित्तीय तकनीक और चिकित्सा तथा अंतरिक्ष विज्ञान में भी गणित महत्वपूर्ण



हिसार, 09 फरवरी, सत्यजय टाईम्स/ब्यूरो। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में गणित एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा इनसाइटस, इन्नोवेशन एंड इंटरैक्टिव लर्निंग विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि एवं संयुक्त राष्ट्र सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी कार्यालय में सलाहकार डॉ रमेश कुमार जालान मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी व मुख्य वक्ता की धर्मपत्नी रश्मि जालान उपस्थित रही।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि गणित विज्ञान की आधारशिला है और अनुसंधान तकनीक तथा नवाचार के प्रत्येक क्षेत्र में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को तार्किक सोच एवं विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी गणित को केवल एक विषय न मानकर बल्कि इसे जीवन कौशल के रूप में अपनायें ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

उन्होंने गणित की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दैनिक जीवन, शिक्षा, शोध, कृषि व उद्योग के क्षेत्र में इसका बहुत महत्व है। कुलपति ने कहा कि नवाचार में गणित की अहम भूमिका है नवाचार तभी संभव है जब समस्या को मॉडल बनाकर समझा जाए, यह कार्य गणित करता है। वर्तमान युग, डाटा और डिजिटल टेक्नोलॉजी का है जिसकी नींव गणित द्वारा रखी गई है। डाटा साइंस, कंप्यूटर विज्ञान, साइबर सुरक्षा, वित्तीय तकनीक और चिकित्सा तथा अंतरिक्ष में भी गणित महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। गणित वैज्ञानिक प्रगति और डिजिटल युग की रीढ़ है, युवाओं को शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में रामानुजन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

**कृषि क्षेत्र में गणित की अहम भूमिका: डॉ रमेश कुमार जालान**

मुख्य वक्ता डॉ रमेश कुमार जालान ने कहा कि गणित हमें सोचने की कला, तर्क करने की क्षमता और समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान सीखाता है। नवाचार की हर नई खोज के पीछे गणितीय सोच कार्य करती है। डिजिटल युग में गणित का महत्व और बढ़ गया है क्योंकि हर तकनीक, हर डाटा और हर एक निर्णय गणितीय विश्लेषण पर आधारित है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में गणित की उपयोगिता और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। उन्होंने महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन द्वारा दिए गए योगदान के बारे में भी बताया। विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी श्योराण ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की।